कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
Ministry of Skill Development And Entrepreneurship

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

N·S·D·C
RE IMAGINE FUTURE

# MEDIA COVERAGE

## Shri Jayant Chaudhary Celebrates Skilled YuvaShakti of New India – Felicitates Beneficiaries of Government-Led Skill Training Programs

1st August 2024

| S. No | Date | Publication | Edition | Headline |
|---|---|---|---|---|
| **Print** | | | | |
| 1. | Aug 2 | Aaj | Lucknow | Youth are being made self-reliant: Jayant |
| 2. | Aug 2 | Amar Ujala | Lucknow | By-elections will not be contested on the symbol, but under the alliance's principles: Jayant Chaudhary |
| 3. | Aug 2 | Dainik Jagran | Lucknow | गठबंधन के साथ विधानसभा उपचुनाव लड़ेगा रालोद: जयंत |
| 4. | Aug 2 | Hindustan | Lucknow | This year, three lakh youths will receive skill training: Jayant |
| 5. | Aug 2 | Hindustan Times | Lucknow | Jayant hails Adityanath's development model for UP |
| 6. | Aug 2 | Jansandesh Times | Lucknow | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |
| 7. | Aug 2 | Navbharat Times | Lucknow | गठबंधन के साथ विधानसभा उपचुनाव लड़ेगा रालोद: जयंत |
| 8. | Aug 2 | Pioneer Hindi | Lucknow | Strengthen the organization, workers: Jayant Chaudhary |
| 9. | Aug 2 | Rashtriya Sahara | Lucknow | 1000 ITI colleges will be upgraded: Jayant |
| 10. | Aug 2 | Swatantra Bharat | Lucknow | Youth can play an important role in achieving the goal of a trillion-dollar economy: Kapil Dev |
| 11. | Aug 2 | Voice of Lucknow | Lucknow | I will fulfill any demand of Uttar Pradesh without delay: Jayant Chaudhary |
| 12. | Aug 3 | Everyday News | Lucknow | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |
| 13. | Aug 3 | Lucknow News | Lucknow | Union Minister Chaudhary Highlights Skill Development in Lucknow |
| 14. | Aug 3 | Readers Messenger | Lucknow | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |
| 15. | Aug 4 | Janmandhyan | Lucknow | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |
| **Online** | | | | |
| 16. | Aug 2 | The Times of India | Online | Modi 3.0 aims to build skills of 20 lakh youths, say Minister |
| 17. | Aug 1 | The Print | Online | Jayant Chaudhary stresses Centre’s focus on skill development, UP’s potential |
| 18. | Aug 1 | News on Air | Online | Skill Development Ministry Honors Skill India Trainees in Lucknow, Emphasizes Public Participation & State Role |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19. | Aug 1 | Indian Awaaz | Online | Jayant Chaudhary Honors Skill India Trainees in Lucknow, Emphasizes Public Participation & State Role |
| 20. | Aug 1 | Telescope Today | Online | अप्रेंटिस के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 60 हजार युवा प्रशिक्षित, इस साल 3 लाख का लक्ष्य निर्धारित |
| 21. | Aug 1 | The Week | Online | Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development UP's potential |
| 22. | Aug 1 | PTI News | Online | Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development, UP's potential |
| 23. | Aug 4 | Up Hindi News | Online | जयंत चौधरी ने नव भारत की कुशल युवा शक्ति को किया सम्मानित,कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लाभार्थियों का बढ़ाया उत्साह |

# Print Coverage

| | |
|---|---|
| **Publication** | Aaj |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | Youth are being made self-reliant: Jayant |

# युवाओं को बनाया जा रहा स्वावलम्बीः जयंत



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी का लखनऊ प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एयरपोर्ट से लेकर प्रदेश कार्यालय तक भव्य स्वागत किया गया। चौधरी जयन्त सिंह जिंदाबाद-राष्ट्रीय लोकदल जिन्दाबाद जैसी गगनभेदी नारेबाजी से माहौल गुंजायमान कर दिया जयंत चौधरी ने कार्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करके स्वावलम्बी बनाया जा रहा है ।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Amar Ujala |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | By-elections will not be contested on the symbol, but under the alliance's principles: Jayant Chaudhary |

# उपचुनाव सिंबल पर नहीं, गठबंधन धर्म के तहत लड़ेंगे : जयंत चौधरी

## रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले, चुनाव में सीट नहीं, गठबंधन महत्वपूर्ण

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष व केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने इशारों में साफ कर दिया है कि वह यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में सीटों को लेकर कोई दबाव नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा है कि उपचुनाव में दस सीटें हैं। जब गठबंधन है तो मिलकर चुनाव लड़ा है फिर सिंबल पर ध्यान नहीं दिया जाता है। जो गठबंधन का सिंबल होगा, वही हमारा भी सिंबल होगा।

कौशल विकास मिशन के कार्यक्रम के बाद इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जयंत ने संसद में राहुल व अखिलेश के हमलावर होने और जाति का मुद्दा उठाए जाने पर कहा, पहले तो संसद में इस तरह फोटो दिखाना नियम के विरुद्ध है। उन्होंने सपा अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों की जाति पूछने को भी गलत बताया। जयंत ने गोरखपुर में हरिशंकर तिवारी की प्रतिमा का चबूतरा तोड़े जाने पर कहा कि इतनी कटुता नहीं होनी चाहिए। नजूल जमीन के मामले में कहा कि मैंने इसके बारे में पढ़ा है, कुछ विवाद चल रहा है। कुछ विधायकों ने इस पर अपनी बात रखी है। उधर, केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार लखनऊ आए जयंत चौधरी का प्रदेश मुख्यालय पर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कल प्रकोष्ठ की बैठक होगी। आपके आशीर्वाद से तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। इसमें कार्यकर्ताओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी है। यूपी में मिलकर विकास के कार्य करेंगे। पार्टी कार्यकर्ता मिलकर संगठन को मजबूत करें और बूथ को मजबूत करें। अदब के शहर में आज बेहतर व्यवस्था नहीं बन पाई। आगे विस्तार से बैठक करूंगा।



जयंत चौधरी ने बृहस्पतिवार को सीएम योगी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से किसानों के विभिन्न मुद्दों व राजनीतिक चर्चा की। सूचना विभाग

### यूपी को बजट में कुछ न मिलने की बात गलत

केंद्रीय बजट में यूपी को कुछ न दिए जाने के बयानों को लेकर जयंत ने कहा कि ऐसा कहना गलत है। प्रदेश को 2.43 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया है। प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर जैसी कई योजनाएं पहले से चल रही हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, एमएसईडी के सचिव अतुल कुमार तिवारी, प्राविधिक शिक्षा के प्रमुख सचिव एम देवराज आदि उपस्थित थे।

### यूपी से जो भी मांग आएगी, उसे मैं पूरा करूंगा

जयंत ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय की ओर से स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ओर से उनके मंत्रालय से जुड़ी किसी भी तरह की मांग की जाएगी तो वे उसे बिना देरी किए तुरंत पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि पॉलीटेक्निक में इंफ्रास्ट्रक्चर हो या शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना हो, प्रदेश की हर जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कौशल, रोजगार व प्रशिक्षण के लिए केंद्र सरकार के पास पहले से बहुत योजनाएं हैं सिर्फ लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। आईटीआई व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को इंडस्ट्री की मांग के अनुसार तैयार किया गया है। प्रदेश सरकार इंडस्ट्री के साथ पार्टनरशिप करें ताकि रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Dainik Jagran |
| **Date** | Aug 1 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | RLD will contest the by-elections with the alliance: Jayant |

# गठबंधन के साथ विस उपचुनाव लड़ेगा रालोद : जयंत

## रालोद प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने की अपील की



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पार्टी नेताओं के साथ मुलाकात की • सूचना विभाग

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : केंद्रीय राज्यमंत्री बनने के बाद गुरुवार को पहली बार लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी संसद में जाति के मुद्दे पर अपने पुराने साथी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा। कहा, संविधान कोई नहीं बदल सकता है। संसद में जाति को लेकर इस तरह की तस्वीर दिखाना नियम विरुद्ध है। बार-बार संसद में प्रतिबंध भी लगाया जा रहा है। इसके बावजूद संसद की अवमानना हो रही है। अखिलेश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, मीडिया के सवालों पर बार-बार उनके मालिक का नाम पूछते हुए उनको (अखिलेश) देखा है। वह परेशान हैं। विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में रालोद की सीटों पर कुछ भी स्पष्ट कहने से बचते हुए उन्होंने इतना ही साफ किया कि उनकी पार्टी भाजपा गठबंधन के साथ उपचुनाव लड़ेगी।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कौशल विकास के प्रशिक्षित लाभार्थियों के सम्मान समारोह में पहुंचे जयन्त ने मीरापुर के अलावा किसी और विधानसभा सीट से राष्ट्रीय लोकदल के चुनाव लड़ने के सवाल कहा, 10 सीटों पर उपचुनाव होने वाला है। जब गठबंधन होता है तो मिलकर लड़ा जाता है। इसमें चुनाव चिह्न पर ध्यान नहीं दिया जाता है। लखनऊ में बारिश के पानी में अराजकता और छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई पर बोले कि जीरो टालरेंस होना चाहिए समाज में भी और ऐसी सरकार में भी। पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी की प्रतिमा स्थल के चबूतरे को तोड़ने पर कहा, इतनी कटुता नहीं होना चाहिए। किसी भी वर्ग के व्यक्ति का अपमान नहीं होना चाहिए। विधानसभा में उठे नजूल की भूमि के मुद्दे को लेकर कहा कि मैने पढ़ा है कि इस विधेयक को लेकर बड़ा विवाद चल रहा है। यही लोकतंत्र होता है। विधेयक बनते हैं और बदले भी जाते हैं।

इससे पहले पार्टी मुख्यालय में जयन्त ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने की अपील की। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार लखनऊ आने पर पार्टी मुख्यालय में रालोद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जयंत ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने युवाओं को ध्यान में रखते हुए अच्छा बजट पेश किया है। सरकार कौशल विकास को लेकर गंभीर है।

• कहा, परेशान हैं अखिलेश यादव इसलिए संसद में उठा रहे हैं जाति का मुद्दा

### मुख्यमंत्री से मिले जयंत

रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पार्टी के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा उपचुनाव को लेकर करीब 20 मिनट तक मंथन हुआ। इसके बाद पार्टी के विधायकों के साथ किसानों की बिजली व पानी सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

# उद्योगों के साथ साझेदारी कर रोजगार के अवसर बढ़ाएं प्रदेश सरकारें : जयंत

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) जैसी बदलती तकनीक के बीच युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए आइटीआइ व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम उद्योगों की मांग के ही अनुसार बनाए गए हैं। राज्य सरकारें उद्योगों के साथ साझेदारी कर रोजगार के अवसर तलाश करें। स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत उतर प्रदेश में अब तक 60 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। इस वर्ष तीन लाख लोगों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की ओर से आयोजित कुशल भारत विकसित भारत अभियान के अंतर्गत स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं और लाभार्थियों को सम्मानित किया। संसद में विपक्ष ने कहा कि इस बार के बजट में उतर प्रदेश को कुछ नहीं मिला है, जो गलत है। बजट में उतर प्रदेश को 2.43 लाख करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उनके मंत्रालय से जुड़ी किसी भी तरह की मांग की जाएगी तो वे उसे बिना देरी किए पूरा करेंगे। पालीटेक्निक कालेज का निर्माण, इन्फ्रास्टक्चर को मजबूत करना या शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना, प्रदेश की हर जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी। जन शिक्षण संस्थान से सबसे अधिक महिलाएं जुड़ती हैं। उत्तर प्रदेश में और जन शिक्षण संस्थान खोलने के आवेदन मिले हैं। इनको चयनित करके विस्तार दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बांदा में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए कैबिनेट मंजूरी मिल गई है। शीघ्र ही वहां स्कूल बनेगा। उतर प्रदेश में डिफेंस कारिडोर जैसी कई आकर्षक योजनाएं पहले से चल रही हैं। वर्ष 2014 में उतर प्रदेश में नेशनल हाइवे की लंबाई मात्र 7986 किमी थी, जो वर्ष 2023 में बढकर 12 हजार 292 किमी हो गई है।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Hindustan |
| **Date** | Aug 1 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | This year, three lakh youths will receive skill training: Jayant |

# इस वर्ष तीन लाख युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण: जयंत

**अभिनंदन**

लखनऊ, संवाददाता। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि कौशल, रोजगार व प्रशिक्षण के लिए केंद्र सरकार की बहुत सी योजनाएं हैं। सिर्फ लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। जिन लोगों ने स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त किया है वे समाज के अन्य लोगों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 60 हजार लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। इस वर्ष तीन लाख लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है।

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'कुशल भारत विकसित भारत-नए भारत के युवाशक्ति से विकसित भारत का सृजन' अभियान के तहत स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं के अभिनंदन समारोह में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बांदा में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण की कैबिनेट मंजूरी मिल गई है। इस दौरान प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी मौजूद थे।

## योगी से मिले, उपचुनाव में 10 सीटें जीतने का दावा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनके सरकारी आवास पर मुलाकात के बाद राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं केंद्रीय जयंत चौधरी ने कहा कि उपचुनाव में भाजपा व रालोद मिलकर लड़ेंगे और सभी 10 सीटें जीतेंगे। जयंत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे व सांसद चंदन चौहान के अलावा विधायकों व नेताओं संग सीएम से मिले।


केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

## केंद्रीय मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर स्वागत

राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का, लखनऊ में प्रदेश कार्यालय के अलावा कई स्थानों पर स्वागत किया गया। वह मंत्री बनने के बाद पहली बार लखनऊ आए थे। कार्यकर्ताओं की धक्का-मुक्की पर उन्होंने नाराजगी भी जाहिर की। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की मौजूदगी में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट से लेकर प्रदेश कार्यालय तक ढोल नगाड़ों से स्वागत किया।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Hindustan Times |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | Jayant hails Adityanath's development model for UP |

# Jayant hails Adityanath's development model for UP

Addressing an RLD workers' meet at the party's state office, he appealed to workers to focus on strengthening the organisation

**HT Correspondent**
letters@htlive.com

**LUCKNOW:** Rashtriya Lok Dal (RLD) chief and Union minister Jayant Chaudhary on Thursday said the "vision" of Uttar Pradesh CM Yogi Adityanath for the development of the state is "very nice".

"The vision of Baba (Yogi Adityanath) for the development of UP is very nice and we are working together," he said after meeting Yogi at the latter's residence here in evening.

Earlier in the day, Chaudhary had said his party will contest assembly bypolls in Uttar Pradesh in alliance with the BJP-led National Democratic Alliance.

"When election are contested in alliance, symbols do not matter. The symbol of the alliance will be our symbol in the upcoming bypolls in Uttar Pradesh," said Union minister of state for skill development (independent charge) in reply to a query over bypolls in Uttar Pradesh at an event at Indira Gandhi Pratishthan here.

There are 10 assembly seats where bypolls will be conducted. Nine out of 10 seats got vacated as their incumbent MLAs quit to retain the Lok Sabha seats they won.

The Sisamau seat fell vacant following the disqualification of its SP MLA Irfan Solanki. The dates for the bypolls are yet to be declared.

Reacting to the demolition of a platform built to install former UP minister Hari Shankar Tiwari's statue in Gorakhpur, Chaudhary said, "Action should be taken. If sentiments of one section are hurt, they might react. Such bitterness should not be there."

When asked about the debate on caste in Parliament, he said, "Asking someone's caste is not appropriate. One should not start looking for caste of other people. I am not of that view."



RLD chief and Union minister Jayant Chaudhary with chief minister Yogi Adityanath in Lucknow on Thursday HT PHOTO

Asked about his meeting with the CM, the Union MoS said, "There are issues related to farmers that will be discussed."

"The Constitution is our guiding spirit and no one can change the basic structure of the Constitution. (PM) Modiji has himself said how much he respects the Constitution," said Chaudhary who was on his first visit to Lucknow after being appointed a minister in the BJP-led NDA government.

Addressing a function organised by the ministry of skill development and entrepreneurship, he said, "It is not correct to say U.P. has not got anything in the Union Budget. It got Rs 2.43 lakh crore package. Apart from what is there in budget speech, there is a lot more to know."

"I will fulfil any demand that comes from Uttar Pradesh. The government has formulated several schemes to ready the youth for the future, including apprenticeship, internships and the expansion of ITIs. Ensuring the functionality of 1,000 ITIs is part of this effort," Chaudhary said.

EARLIER IN THE DAY, CHAUDHARY SAID HIS PARTY WILL CONTEST ASSEMBLY BYPOLLS IN U.P. IN ALLIANCE WITH THE BJP-LED NATIONAL DEMOCRATIC ALLIANCE.

"The finance minister herself mentioned in the budget the goal of developing the skills of 20 lakh people and has given significant benefits to Uttar Pradesh. There will be a detailed mention of these initiatives," he said.

Addressing an RLD workers' meet at the party's state office, he appealed to workers to focus on strengthening the organisation and fostering understanding and cooperation at the grassroots. "I urge all workers to work towards mutual understanding. I will take your feedback too," the RLD chief said.

(WITH AGENCY INPUTS)

| | |
|---|---|
| **Publication** | Jansandesh Times |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |

# कुशल भारत विकसित भारत अभियान के तहत प्रशिक्षुओं का हुआ अभिनंदन समारोह

लखनऊ। केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और प्रदेश के

**-पीएमकेवीवाई के तहत उत्तर प्रदेश में 21.60 लाख लोगों को प्रशिक्षण : जयंत चौधरी**

**-आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स जैसे नए सेक्टर्स में विशेष प्रशिक्षण योजना - कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल**

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कुशल भारत विकसित भारतः नए भारत के युवाशक्ति से विकसित भारत का सृजन अभियान के अंतर्गत स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं के अभिनंदन समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार की किसी भी मांग को बिना देरी पूरा करने का आश्वासन दिया। अब तक 17 लाख 50 हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया तथा लगभग 6 लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार दिलाया गया। विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर राज्य के आर्थिक विकास में सहयोगी बनाना तथा प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाना है। चालू वर्ष में 1 लाख 65 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाया गया। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ सहयोग एवं समन्वय कर राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9 से 12 तक के छात्र एवं छात्राओं को नियमित कक्षाओं के साथ-साथ निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ष 2023-2024 में 315 विद्यालयों के 43,200 छात्रों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया है।



| | |
|---|---|
| **Publication** | Navbharat Times |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | Jayant: Will Contest Elections on Alliance Symbol |

# गठबंधन के निशान पर लड़ेंगे चुनाव : जयंत

■ एनबीटी सं, लखनऊ : संसद में सपा और कांग्रेस के रवैये पर नाराजगी जताते हुए राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि हर मुद्दे पर जाति का सवाल पूछना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नहीं पूछा जाना चाहिए कि संसद की किस कमिटी में कितने OBC, SC, ST हैं? गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने विस उपचुनाव में गठबंधन के निशान पर चुनाव लड़ने की बात कही। जाति के मुद्दे पर विपक्ष के नेताओं का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि 'जो लोग पत्रकारों और मीडिया घरानों के मालिकों के नाम और जाति पूछते थे अब वे डिस्टर्ब हैं'।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कुशल भारत विकसित भारत अभियान के तहत प्रशिक्षण और रोजगार पा चुके युवाओं का अभिनंदन हुआ। इसमें केंद्रीय मंत्री जयंत और कपिल देव अग्रवाल मौजूद रहे। जयंत ने दावा किया कि यूपी में अप्रेंटिस कार्यक्रम के जरिए 60,000 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है और इस साल 3 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। कपिल देव ने यूपी में बढ़ते रोजगार और स्वरोज़गार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को श्रेय दिया। इस दौरान प्रशिक्षण लेने के बाद नौकरी करने वाले या अपना रोजगार शुरू करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया।



केंद्र में मंत्री बनने के बाद गुरुवार को पहली बार लखनऊ पहुंचने पर जयंत का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय सहित काफी संख्या में पार्टी नेता मौजूद रहे।

**सीएम से की कई मुद्दों पर चर्चा :** जयंत चौधरी ने गुरुवार की शाम सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान करीब 20 मिनट तक दोनों नेताओं ने अकेले बातचीत की। फिर, रालोद विधायकों और पदाधिकारियों के साथ जयंत ने सीएम से किसानों के मुद्दों पर वार्ता की।

सूत्रों की मानें तो सीएम और जयंत के बीच उपचुनाव में सीटों को लेकर बातचीत हुई। जयंत ने उपचुनाव में दो सीटें (मुजफ्फरनगर की मीरापुर और अलीगढ़ की खैर सीट) अपने लिए मांगी। जयंत ने इन सीटों पर जीत के समीकरण भी सीएम को बताए। साथ ही रालोद कार्यकर्ताओं के निगमों और बोर्ड में समायोजन पर चर्चा की। करीब 20 मिनट तक सीएम से मुलाकात के बाद मंत्री अनिल कुमार, रालोद विधायकों और पदाधिकारियों को भी बुला लिया गया। विधायकों ने सीएम के सामने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं सीएम के सामने रखीं। पार्टी सूत्रों की मानें तो जयंत ने गन्ना किसानों के बकाए के जल्द से जल्द भुगतान का अनुरोध भी किया।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Pioneer Hindi |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | Strengthen the organization, workers: Jayant Chaudhary |

# संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: जयंत चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्र** सरकार में कैबिनेट राज्य मंत्री बनने के बाद गुरुवार को पहली बार राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी प्रदेश कार्यालय पहुँचे। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद मीडिया से मुखातिब जयंत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपना संगठन बहुत मजबूत करना है। विधानसभा उपचुनाव करीब है, कार्यकर्ता जमकर मेहनत करें। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं।

जयंत चौधरी ने कहा कि मंत्री बनने के बाद मैं पहली बार लखनऊ आया हूं। कार्यकर्ताओं में जोश है। सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। यहां भी उत्तर प्रदेश में जो विकास की संभावनाएं हैं जो कुछ हम लोग मिलकर काम कर सकते हैं उन चीजों पर मेरा पूरा ध्यान है। आप लोगों का जो फीडबैक होगा शिक्षा और कौशल विभाग में जो जिम्मेदारी मुझे प्रधानमंत्री ने सौंपी है, उसका अच्छे से निर्वहन करूंगा। उत्तर प्रदेश को बजट में बहुत बड़ी सौगात मिली है। सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं संगठन को मजबूत करें। जमीनी स्तर पर हमारा कार्यकर्ता मजबूत हो।

इस मौके पर यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र, व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महासचिव रजनीकांत मिश्रा पदाधिकारी तिवारी, अमन पांडेय और मनीष आदित्य विक्रम सिंह, रामवती गुप्ता मौजूद रहे।



## अव्यवस्था के चलते 10 मिनट में प्रदेश कार्यालय से बाहर निकले जयंत

**प्रदेश** कार्यालय पर पहली बार आगमन के चलते कार्यकर्ताओं का जयंत के स्वागत के लिए हुजूम इकट्ठा था, पर सभागार में काफी भीड़ और अव्यवस्था होने के कारण जयंत दस मिनट में पार्टी कार्यालय से लौट गए। ऐसे में जो कार्यकर्ता स्वागत के लिए फूल और गुलदस्ते लेकर आए थे, वो मायूस हो गए।

## 20 लाख युवाओं का कौशल विकास कर रोजगार देंगे

**केंद्रीय** मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि युवाओं की विकसित भारत में महत्वपूर्ण भूमिका है। केंद्र युवाओं का ख्याल रख रही है। इंटर्नशिप और अप्रेंटशिप से युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम 1000 आईटीआई के माध्यम से 20 लाख युवाओं का कौशल विकास कर रोजगार देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद के कारण ही केंद्र में तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है। आपके सुझाव और फीडबैक पर काम होगा।

## मीडिया को मसाला वाली खबरें चाहिए

**आरएलडी** मुख्यालय पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी से जातीय जनगणना, अग्निवीर और अन्य सवालों को लेकर कई बार जवाब जानने का मीडिया ने प्रयास किया, लेकिन जयंत चौधरी किसी भी मुद्दे पर बोलने से बचते रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया को मसाला वाली खबरें चाहिए, जो मैं नहीं दूंगा।

## जगह-जगह हुआ स्वागत



**एयरपोर्ट** से निकलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के नेतृत्व में कैंट विधानसभा, कृष्णानगर में वी मार्ट के सामने कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी को माला पहना कर स्वागत किया। पार्टी नेता मनीष मिश्र के नेतृत्व में जयंत चौधरी का पिकैडली होटल के सामने ब्रहमदत्त प्लाजा सहित लिट्रेसी हाउस के समक्ष पार्टी नेता शालिनी सिंह के नेतृत्व में फूल-माला पहनाकर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Rashtriya Sahara |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | 1000 ITI college will be upgraded: Jayant |

# 1000 ITI कॉलेजों को किया जाएगा अपग्रेड : जयंत

## कहा- राज्य सरकारें इंडस्ट्री के साथ साझेदारी कर तलाशें रोजगार के अवसर





**लखनऊ (एसएनबी)।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि पॉलीटेक्निक कालेज का निर्माण करना हो, इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना या शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना हो यूपी की हर जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी। उनका मंत्रालय किसी भी तरह की मांग को बिना देरी किए पूरा करेगा।

श्री चौधरी बृहस्पतिवार को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'कुशल भारत विकसित भारत : नए भारत के युवाशक्ति से विकसित भारत का सृजन' अभियान के अंतर्गत स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कौशल, रोजगार व प्रशिक्षण के लिए केंद्र सरकार के पास पहले से बहुत योजनाएं हैं सिर्फ लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त किया है वो समाज के अन्य लोगों को जागरूक करें। जयंत चौधरी ने कहा कि आईटीआई व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को इंडस्ट्री की मांग के अनुसार तैयार किया गया है जो कि राष्ट्रीय शिक्षा की नीति के मानक के अनुरुप है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकारें इंटस्ट्री के साथ पार्टनरशिप करें ताकि रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त हो सके।

**स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं व लाभार्थियों का किया सम्मान**

चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 60 हजार लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और इस साल तीन लाख लोगों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। चौधरी ने कहा कि बांदा में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए कैबिनेट में मंजूरी मिल गई है और शीघ्र ही वहां स्कूल बनेगा। उन्होंने कहा की यूपी को इस बार की बजट में 2.43 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया है। डिफेंस कारिडोर जैसी कई आकर्षक योजनाएं पहले से चल रही है। उन्होंने यूपी के कई जिलों में जेएसएस कार्यक्रम के संचालन की बात कही। यह भी कहा कि देश भर के 1000 आईटीआई कॉलेज को जल्द ही अपग्रेड किया जाएगा। कार्यक्रम को बिजनौर के सांसद चंदन चौधरी, मंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित अन्य लोगो ने संबोधित किया।

| Publication | Swatantra Bharat |
| --- | --- |
| Date | Aug 2 |
| Edition | Lucknow |
| Headline | Youth can play an important role in achieving the goal of a trillion-dollar economy: Kapil Dev |

.net

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में युवाओं का अहम योगदान : कपिल देव

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और प्रदेश के व्यावसायिक

**कौशल विकास मिशन के लिए २०० करोड़ का बजट आवंटित**

**प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत ४३,२०० छात्रों को नि:शुल्क प्रशिक्षण**

शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कुशल भारत विकसित भारत: नए भारत के युवाशक्ति से विकसित भारत का सृजन अभियान के तहत स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं के अभिनंदन समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को



सम्मानित किया गया। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार की किसी भी मांग को बिना देरी पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, स्किल इंडिया की वेबसाइट पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकती है और स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उत्तर प्रदेश में अप्रेंटिस के माध्यम से 60,000 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और इस साल 3 लाख लोगों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। बांदा में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए मंजूरी मिल गई है। 2014 में उत्तर प्रदेश में नेशनल हाईवे की लंबाई 7,986 किमी थी, जो 2023 में बढ़कर 12,292 किमी हो गई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत उत्तर प्रदेश में 21.60 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 16.87 लाख ने प्रमाणन पूरा कर लिया है। योजना के नवीनतम संस्करण के तहत 4.61 लाख उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है और 205 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं जिनमें 64,589 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Voice of Lucknow |
| **Date** | Aug 2 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | I will fulfill any demand of Uttar Pradesh without delay: Jayant Chaudhary |



# उत्तर प्रदेश की कोई भी मांग बिना देरी किये करूंगा पूरा : जयंत चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तत्वावधान में लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कुशल भारत विकसित भारतः नये भारत

- **केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी और प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रशिक्षुओं को किया सम्मानित**

के युवाशक्ति से विकसित भारत का सृजन अभियान के तहत स्किल इंडिया मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं के अभिनंदन समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शाम को सीएम योगी आदित्यनाथ से जयंत चौधरी ने पार्टी के सांसद,विधायक व पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट कीं।

इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उनके मंत्रालय से जुड़ी किसी भी तरह की मांग की जाएगी तो वे उसे बिना देरी किये तुरंत पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कौशल, रोजगार व प्रशिक्षण के लिए केंद्र सरकार के पास पहले से बहुत योजनायें है सिर्फ लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त किया है वो समाज के अन्य लोगों को जागरुक करें। प्रदेश सरकारें इंडस्ट्री के साथ पार्टनरशिप करें ताकि रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त हो सके। चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 60 हजार लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और इस साल तीन लाख लोगों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। बांदा में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए कैबिनेट मंजूरी मिल गयी है और शीघ्र ही वहां स्कूल बनेगा। उन्होंने कहा कि संसद में बहुत से लोगों ने चर्चा कि इस बार के बजट में उत्तर प्रदेश को कुछ भी नहीं मिला है जो कि पूरी तरह गलत है। आप अगर बजट दस्तावेज को पढेंगे तो आपको पता चलेगा कि उत्तर प्रदेश को 2.43 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया है। प्रदेश में डिफेंस कारिडोर जैसी कई आकर्षक योजनाएं पहले से चल रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में उत्तर प्रदेश में नेशनल हाईवे की लम्बाई मात्र 7986 किमीं थी जो 2023 में बढ़कर 12 हजार 292 किमी हो गयी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रदेश में 21.60 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 16.87 लाख ने प्रमाणन पूरा कर लिया है। योजना के नवीनतम संस्करण के तहत 4.61 लाख उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है और 205 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं, जिनमें 64,589 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर दिये जा रहे हैं। युवाओ को कौशल प्रशिक्षण देकर राज्य के आर्थिक विकास में सहयोगी बनाना तथा प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाना है। प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूर्ण करने में युवा जनशक्ति की उत्पादकता का महत्वपूर्ण स्थान है।

## जयंत ने संगठन को दिया मजबूती का मंत्र

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने गुरुवार को लखनऊ आगमन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद के कारण ही केंद्र में तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है। आपके सुझाव और फीडबैक पर काम होगा। जयंत ने कार्यकर्ताओं से संगठन को गति देने और बूथ स्तर पर काम करने की नसीहत दी। रालोद प्रदेश कार्यालय पर जयंत चौधरी के प्रथम लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की उपस्थिति में भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एयरपोर्ट से लेकर प्रदेश कार्यालय तक जगह-जगह ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया। साथ ही उनके समर्थन में गगनभेदी नारेबाजी से माहौल गुंजायमान कर दिया। जयंत चौधरी ने कार्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर देकर स्वावलम्बी बनाया जा रहा है और रोजगार के नये अवसरों का सृजन हो रहा है। स्वागत समारोह कार्यक्रम में पार्टी के सांसद चंदन चौहान एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे सहित पार्टी के विधायकगण, राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों तथा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्षों ने भारी संख्या में सहभागिता की।

| Publication | Everyday News |
|---|---|
| Date | Aug 3 |
| Edition | Lucknow |
| Headline | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |

# जयंत चौधरी ने नव भारत की कुशल युवा शक्ति को किया सम्मानित- सरकार के नेतृत्व में संचालित कौशल प्रशिक्षण प्रोग्रामों के लाभार्थियों का बढ़ाया उत्साह

लखनऊ, एवरीडे न्यूज संवाददाता। जयंत चौधरी, केन्दीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 1 अगस्त 2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक समारोह के दौरान 'नव भारत की युवा शक्ति' को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कौशल भारत प्रोग्रामों के लाभार्थियों को पहचाना गया, और इसके बाद 'बजट पर चर्चा' सत्र का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ, उत्तर प्रदेश में किया गया था, जहां जयंत चौधरी, केन्दीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा, ''आज प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 पूरी तरह से केन्द्र द्वारा वित्तपोषित योजना है।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Lucknow News |
| **Date** | Aug 3 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | Union Minister Chaudhary Highlights Skill Development in Lucknow |

## INBRIEF

### UNION MINISTER CHAUDHARY HIGHLIGHTS SKILL DEVELOPMENT IN LUCKNOW

LUCKNOW: The event took place in Lucknow, Uttar Pradesh where Shri Jayant Chaudhary, Union Minister of State (Independent Charge), Ministry of Skill Development & Entrepreneurship (MSDE) and Minister of State, Ministry of Education, Government of India, as the Chief Guest. During the event, Minister Chaudhary stated, "Today the PMKVY 4.0 is a fully centrally funded scheme. However, we will require strong support from the states and various industries to improve and build the skill development capacity. The Union government has allocated 2.43 lakh crore budget package for Uttar Pradesh for a range of projects and infrastructure expansion. This will open immense opportunities for a skilled workforce. My personal interest lies in ensuring that Uttar Pradesh benefits the most in terms of skill development and entrepreneurship. I'm happy to share that our NAPS in UP has benefitted 60,000 people and we are intending to reach 5 lakh youths, which is five times the current number. Further, whenever there is a demand from Uttar Pradesh, we will ensure speedy delivery, whether augmenting polytechnics or enhancing Kendriya Vidyalayas.



| | |
|---|---|
| **Publication** | Readers Messenger |
| **Date** | Aug 3 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |

# जयंत चौधरी ने नव भारत की कुशल युवा शक्ति को किया सम्मानित

## सरकार के नेतृत्व में संचालित कौशल प्रशिक्षण प्रोग्रामों के लाभार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**रीडर्स मैसेंजर नेटवर्क**

**लखनऊ।** जयंत चौधरी, केन्दीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 1 अगस्त 2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक समारोह के दौरान 'नव भारत की युवा शक्ति' को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कौशल भारत प्रोग्रामों के लाभार्थियों को पहचाना गया, और इसके बाद 'बजट पर चर्चा' सत्र का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ, उत्तर प्रदेश में किया गया था, जहां श्री जयंत चौधरी, केन्दीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा, ''आज प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 पूरी तरह से केन्द्र द्वारा वित्तपोषित योजना है। हालांकि कौशल विकास की क्षमता के निर्माण और इसमें सुधार लाने के लिए हमें राज्यों एवं विभिन्न उद्योगों से सहयोग की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में कई परियोजनाओं एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए रु 2.43 लाख करोड़ के बजट पैकेज का आवंटन किया है। इससे कुशल कार्यबल के लिए ढेरों अवसर उत्पन्न होंगे। मैं खुद यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि कौशल विकास और उद्यमिता का सबसे ज़्यादा लाभ यूपी को मिले। मुझे यह बताते हुए खुशी का अनुभव हो रहा है कि यूपी में एनएपीएस से 60,000 लोगों को लाभ हुआ है और हम 5 लाख युवाओं तक पहुंचना चाहते हैं, जो मौजूदा आंकड़े से पांच गुना अधिक है। इसके अलावा जब भी उत्तर प्रदेश को ज़रूरत होगी हम, जल्द से जल्द सेवाएं प्रदान करेंगे, फिर चाहे पॉलिटेक्निक्स में सुधार की बात हो या केन्द्रीय विद्यालयों को बेहतर बनाने की। श्री कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार इस अवसर पर माननीय अतिथि थे, उन्होनें कहा, ''मैं कौशल विकास के लिए बजट आवंटन हेतु प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा। यूपी में रु 6000 करोड़ के आवंटन के साथ 250 आईटीआई (टाटा का योगदान) तथा सोलर, ईवी एवं कम्प्यूटर साइंस जैसे विषयों में आधुनिक टेक्नोलॉजी उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। आईआईटी कानपुर और एनएसडीसी के साथ यूपी का एमओयू सुनिश्चित करेगा कि हमारे युवाओं को ज़रूरी कौशल एवं प्रशिक्षण मिले। 2047 तक विकसित भारत और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तथा 2029 तक यूपी को 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए हमें अपने युवाओं की क्षमता का सदुपयोग करना होगा। ऐसा तभी संभव है जब सभी हितधारक इसी एक उद्देश्य के लिए एक साथ मिलकर काम करें। सम्मान समारोह से पहले एमएसडीई ने विशेष सत्र 'बजट पर चर्चा' का आयोजन किया था। पैनल चर्चा में हिस्सा लेने वाले दिग्गजों में शामिल थे- श्री अतुल कुमार तिवारी, एमएसडीई के सचिव; मिस सोनल मिश्रा, संयुक्त सचिव, एमएसडीई; श्री एम देवराज, प्रधान सचिव, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उत्तर प्रदेश सरकार; श्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, प्रधान सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार; श्री अनिल कुमार सागर, प्रधान सचिव, बुनियादी सुविधा एवं ओद्यौगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार; मिस स्मिता अग्रवाल, चेयरपर्सन, सीआईआई, यूपी एवं डायरेक्टर और सीएफओ, पीटीसी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड; श्री सुमित कुमार, चीफ़ स्ट्रैटेजी ऑफिसर, टीमलीज़ और श्री कुशल देव कश्यप, ग्रोथ हैड-इंस्टीट्यूशन एण्ड कन्ज़्यूमर, एचसीएल, जीयूवीआई।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Janmandhyan |
| **Date** | Aug 4 |
| **Edition** | Lucknow |
| **Headline** | A felicitation ceremony was held for the trainees under the Skill India Development campaign |

# श्री जयंत चौधरी ने नव भारत की कुशल युवा शक्ति को किया सम्मानित- सरकार के नेतृत्व में संचालित कौशल प्रशिक्षण प्रोग्रामों के लाभार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**नई दिल्ली।** श्री जयंत चौधरी, केन्दीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 1 अगस्त 2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक समारोह के दौरान 'नव भारत की युवा शक्ति' को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कौशल भारत प्रोग्रामों के लाभार्थियों को पहचाना गया, और इसके बाद 'बजट पर चर्चा' सत्र का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ, उत्तर प्रदेश में किया गया था, जहां श्री जयंत चौधरी, केन्दीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा, "आज प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 पूरी तरह से केन्द्र द्वारा वित्तपोषित योजना है। हालांकि कौशल विकास की क्षमता के निर्माण और इसमें सुधार लाने के लिए हमें राज्यों एवं विभिन्न उद्योगों से सहयोग की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में कई परियोजनाओं एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए रु 2.43 लाख करोड़ के बजट पैकेज का आवंटन किया है। इससे कुशल कार्यबल के लिए ढेरों अवसर उत्पन्न होंगे। मैं खुद यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि कौशल विकास और उद्यमिता का सबसे ज़्यादा लाभ यूपी को मिले। मुझे यह बताते हुए खुशी का अनुभव हो रहा है कि यूपी में एनएपीएस से 60,000 लोगों को लाभ हुआ है और हम 5 लाख युवाओं तक पहुंचना चाहते हैं, जो मौजूदा आंकड़े से पांच गुना अधिक है। इसके अलावा जब भी उत्तर प्रदेश को ज़रूरत होगी हम, जल्द से जल्द सेवाएं प्रदान करेंगे, फिर चाहे पॉलिटेक्निक्स में सुधार की बात हो या केन्द्रीय विद्यालयों को बेहतर बनाने की। श्री कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), व्यवसाकिय शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार इस अवसर पर माननीय अतिथि थे, उन्होनें कहा, "मैं कौशल विकास के लिए बजट आवंटन हेतु प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा।

# Online Coverage

| | |
|---|---|
| **Publication** | The Times of India |
| **Date** | Aug 2 |
| **Headline** | Modi 3.0 aims to build skills of 20 lakh youths, say Minister |

# Modi 3.0 aims to build skills of 20 lakh youths, says minister

TNN / Aug 2, 2024, 05:26 IST

SHARE | AA | FOLLOW US



Lucknow: Union minister for skill development and entrepreneurship, Jayant Chaudhary on Thursday launched Modi 3.0, aimed at building the skills of 20 lakh youths and enhancing their employability.

He was speaking at an official programme organised to host 'Budget Pe Charcha', in which recent provisions made in the Union Budget for skill development and employment generation were discussed in the presence of key stakeholder departments.

| | |
|---|---|
| **Publication** | The Print |
| **Date** | Aug 1 |
| **Headline** | Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development, UP's potential |

# Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development, UP's potential

PTI 01 August, 2024 06:31 pm IST

Follow Us :

Text Size: A- A+

Lucknow, Aug 1 (PTI) Union Minister Jayant Chaudhary Thursday emphasised the Centre's focus on initiatives to empower the youth in the country and potential for development in Uttar Pradesh.

| | |
|---|---|
| **Publication** | News on Air |
| **Date** | Aug 1 |
| **Headline** | [Skill Development Ministry Honors Skill India Trainees in Lucknow, Emphasizes Public Participation & State Role]() |

# Skill Development Ministry Honors Skill India Trainees In Lucknow, Emphasizes Public Participation & State Role



| | |
|---|---|
| **Publication** | Indian Awaaz |
| **Date** | Aug 1 |
| **Headline** | Jayant Chaudhary Honors Skill India Trainees in Lucknow, Emphasizes Public Participation & State Role |

# Jayant Chaudhary Honors Skill India Trainees in Lucknow, Emphasizes Public Participation & State Role

AUG 1, 2024




BY SUDHIR KUMAR

The Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE), under the Kushal Bharat Viksit Bharat campaign, felicitated trainees and beneficiaries of the Skill India Mission in Lucknow today. The event was organised at Indira Gandhi Pratishthan and was graced by Minister of State, MSDE, Mr Jayant Chaudhary as the chief guest.

| | |
|---|---|
| **Publication** | Telescope Today |
| **Date** | Aug 1 |
| **Headline** | अप्रेंटिस के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 60 हजार युवा प्रशिक्षित, इस साल 3 लाख का लक्ष्य निर्धारित |



# अप्रेंटिस के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 60 हजार युवा प्रशिक्षित, इस साल 3 लाख का लक्ष्य निर्धारित

Telescope Today August 1, 2024

| | |
|---|---|
| **Publication** | The Week |
| **Date** | Aug 1 |
| **Headline** | Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development UP's potential |

# Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development UP's potential

*PTI* | Updated: August 01, 2024 18:38 IST

| | |
|---|---|
| **Publication** | PTI News |
| **Date** | Aug 1 |
| **Headline** | Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development, UP's potential |

# Jayant Chaudhary stresses Centre's focus on skill development, UP's potential

LUCKNOW: Union Minister Jayant Chaudhary Thursday emphasised the Centre's focus on initiatives to empower the youth in the country and potential for development in Uttar Pradesh.

Chaudhary, the Minister of State for Skill Development (Independent Charge), said this during a programme at the Lucknow office of his party Rashtriya Lok Dal. This was his first visit to Lucknow after being appointed a minister in the BJP-led NDA government. Prior to the NDA, he was aligned with the Opposition INDIA bloc.

"The possibilities for development in Uttar Pradesh, which we can work together on, have my full attention. I assure you that any feedback you provide will be acted upon. The prime minister has entrusted me with the responsibilities of the Education Department and the Skill Development, and you have seen how the Finance Minister's budget presentation conveyed the government's commitment to the nation's youth," he said.

| | |
|---|---|
| **Publication** | UP Hindi News |
| **Date** | Aug 4 |
| **Headline** | जयंत चौधरी ने नव भारत की कुशल युवा शक्ति को किया सम्मानित,कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लाभार्थियों का बढ़ाया उत्साह |

# जयंत चौधरी ने नव भारत की कुशल युवा शक्ति को किया सम्मानित,कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लाभार्थियों का बढ़ाया उत्साह

By **uphindinews** - August 4, 2024

27




*कौशल विकास की क्षमता के निर्माण और इसमें सुधार लाने के लिए हमें राज्यों एवं विभिन्न उद्योगों से सहयोग की आवश्यकता है।*